**R/P/P/2025/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

विषय-विधि
**Subject-LAW**
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
Paper II (Optional)
विषय कोड-13
Subject-Code-13

**SET A**

**251302541**

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 40
कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100
समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु
अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200
Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है। उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है। ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 1-50) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 51-150) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है। परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों। अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें।
5. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
6. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।
8. किसी प्रकार का कैल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे।
11. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.
2. Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.
3. In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

4. No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.
5. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
6. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
7. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.
8. Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.
9. Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.
10. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.
11. Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.

SEAL

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

51. Collector of Madura *vs.* Moottoo Ramalinga Sethupathi (1868) is a decided case by the privy council, which relates to :

(A) Custom

(B) Precedent

(C) Legislation

(D) Equity, justice and good conscience

51. कलेक्टर ऑफ मदुरा बनाम मोटूरामलिंगा सेतुपति (1868) प्रिवी कौंसिल द्वारा निर्णीत वाद संबंधित है :

(A) रूढ़ि से

(B) पूर्वनिर्णय से

(C) विधायन से

(D) साम्या, न्याय एवं सद्विवेक से

52. The authoritative element of a judicial decision is known as :

(A) Obiter dicta

(B) Stare decisis

(C) Res judicata

(D) Ratio decidendi

52. न्यायिक निर्णय के प्राधिकारपूर्ण तत्त्व के रूप में जाना जाता है :

(A) इतरोक्ति

(B) निर्णयानुसरण

(C) पूर्व न्याय

(D) निर्णयाधार

53. The first six lectures of Austin were published in 1832 under the title of "Province of Jurisprudence Determined" and the rest were published in which of the following years ?

(A) 1858 (B) 1859

(C) 1860 (D) 1861

53. ऑस्टिन के प्रथम छः व्याख्यान "प्रोविन्स ऑफ ज्यूरिसप्रूडेन्स डिटरमिण्ड" शीर्षक के अन्तर्गत 1832 में प्रकाशित हुए तथा शेष व्याख्यान निम्नलिखित में से किस वर्ष में प्रकाशित हुए ?

(A) 1858 (B) 1859

(C) 1860 (D) 1861

mpcareer.in

54. Who said, "Law has a national character and it develops like language."

(A) Edmund Burke

(B) Savigny

(C) Gray

(D) Dr. M.J. Sethna

55. Who defines "norms" as a proposition in hypothetical form ?

(A) Hans Kelsen (B) Holland

(C) Austin (D) Salmond

56. "Law has its basis in social conduct. Morals go on intrinsic value of conduct. Hence it is vain to talk about law and morals."

Above view was taken by :

(A) Pollock

(B) Vinogradoff

(C) Duguit

(D) Roscoe Pound

54. किसने कहा, "विधि का राष्ट्रीय चरित्र होता है तथा यह भाषा की भाँति विकसित होती है।"

(A) एडमण्ड बर्क

(B) सेविग्नी

(C) ग्रे

(D) डॉ. एम.जे. सेठना

55. किसने परिभाषित किया कि "मानक" परिकल्पना के रूप में प्रस्थापना है ?

(A) हैन्स केल्सन (B) हॉलैण्ड

(C) ऑस्टिन (D) सामण्ड

56. "विधि का आधार सामाजिक आचरण में है। नैतिक आचार, आचरण के आंतरिक मूल्य को देखते हैं । इसलिए विधि एवं नैतिकता के विषय में बात करना व्यर्थ है ।"

उपर्युक्त दृष्टिकोण दिया गया :

(A) पोलक द्वारा

(B) विनोग्रेडोफ द्वारा

(C) ड्यूगिट द्वारा

(D) रॉस्को पाउण्ड द्वारा



mpcareer.in

57. By whom was the Interest theory of a legal right propounded ?

(A) Ihering (B) Holland

(C) Kant (D) Hegel

57. विधिक अधिकार के हित सिद्धान्त के प्रवर्तक हैं :

(A) इहरिंग (B) हॉलैण्ड

(C) काण्ट (D) हीगल

58. The purpose theory of "Brinz" relating to nature of legal persons was developed in England by :

(A) Parker (B) Barker

(C) Hohfeld (D) Maitland

58. विधिक व्यक्तियों की प्रकृति के सम्बन्ध में "ब्रिंज" के प्रयोजन सिद्धान्त को इंग्लैण्ड में किसके द्वारा विकसित किया गया ?

(A) पार्कर (B) बार्कर

(C) होहफेल्ड (D) मेटलेण्ड

59. Who was a champion of Codified Law and of reforming English Law ?

(A) Austin (B) Bentham

(C) Salmond (D) Holland

59. संहिताबद्ध विधि एवं अंग्रेजी विधि के सुधार करने के हिमायती कौन थे ?

(A) ऑस्टिन (B) बेंथम

(C) सामण्ड (D) हॉलैण्ड

60. Adverse possession is acquisition of ownership by way of :

(A) Derivative

(B) Prescription

(C) Delivery

(D) Extinctive

60. प्रतिकूल कब्जा, स्वामित्व अर्जित करने की रीति है :

(A) व्युत्पादित द्वारा

(B) चिरभोग द्वारा

(C) परिदान द्वारा

(D) निर्वापक द्वारा

61. Which Fundamental Right under Part-III of the Indian Constitution can be suspended during National Emergency on the ground of war or external aggression ?

(A) Article – 13

(B) Article – 14

(C) Article – 19 (1) (a)

(D) Article – 25

62. "The Preamble of the Indian Constitution is not a part of the Indian Constitution." It has been declared by the Supreme Court in the case of :

(A) Kesavananda Bharati *vs.* State of Kerala, AIR 1973 SC 1461

(B) In Re Berubari Union, AIR 1960 SC 845

(C) Indira Nehru Gandhi *vs.* Raj Narain AIR 1975 SC 2299

(D) Minerva Mills *vs.* Union of India, AIR 1980 SC 1789

61. युद्ध तथा बाह्य आक्रमण के आधार पर राष्ट्रीय आपात के दौरान भारतीय संविधान के भाग-III का कौनसा मौलिक अधिकार निलम्बित किया जा सकता है ?

(A) अनुच्छेद – 13

(B) अनुच्छेद – 14

(C) अनुच्छेद – 19 (1) (a)

(D) अनुच्छेद – 25

62. "भारतीय संविधान की प्रस्तावना भारतीय संविधान का भाग नहीं है ।" उच्चतम न्यायालय द्वारा किस वाद में यह निर्धारित किया गया है ?

(A) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य, ए.आई.आर. 1973 SC 1461

(B) इन री बेरुबारी यूनियन, ए.आई.आर. 1960 SC 845

(C) इंदिरा नेहरू गांधी बनाम राजनारायण, ए.आई.आर. 1975 SC 2299

(D) मिनर्वा मिल्स बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया, ए.आई.आर. 1980 SC 1789.

63. The Vice-President of India is the ex-officio chairman of which of the following ?

(A) Lok Sabha (House of People)

(B) Rajya Sabha (Council of States)

(C) Parliament

(D) State Legislature

64. By virtue of which Article of the Indian Constitution does the state of Mizoram enjoy the status of a special state ?

(A) Article 371-B

(B) Article 371-C

(C) Article 371-D

(D) Article 371-G

65. Under which List of subject matters included under the seventh schedule of the Indian Constitution can laws on security of India, Atomic energy, United Nations Organization (UNO), Foreign affairs etc. be enacted ?

(A) Union List

(B) State List

(C) Concurrent List

(D) Union List, but States can also enact laws if Union declines to do so

63. भारत के उपराष्ट्रपति निम्नलिखित में से किसके पदेन सभापति होते हैं ?

(A) लोकसभा

(B) राज्यसभा

(C) संसद

(D) राज्य विधानमण्डल

64. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन मिज़ोरम राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है ?

(A) अनुच्छेद 371-B

(B) अनुच्छेद 371-C

(C) अनुच्छेद 371-D

(D) अनुच्छेद 371-G

65. यदि भारत की सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा, संयुक्त राष्ट्र संगठन, विदेशी मामले आदि विषयों पर कानून निर्माण करना है, तो भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अधीन कौनसी सूची के तहत यह किया जा सकता है ?

(A) संघ सूची

(B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची

(D) संघ सूची, पर राज्य कानून निर्माण कर सकते हैं यदि संघ ऐसा करने से मना कर दे

mpcareer.in

66. Which of the following is the key principle of Natural Justice under administrative law ?

(A) Nemo judex in causa sua

(B) Res judicata principle

(C) Stare decisis

(D) Res ipsa loquitur

67. In French, Administrative Law is known as 'Droit Administratif'. Who was its founder ?

(A) Jean Bodin

(B) Aristotle

(C) Napoleon Bonaparte

(D) Dicey

68. 'Rule of Law' is one of the basic features of Administrative Law. According to Dicey, which of the following is considered as meaning of 'Rule of Law' ?

(A) Supremacy of Law

(B) Equity before Law

(C) Predominance of hegemonic spirit

(D) Legal Transplant

66. निम्नलिखित में से कौनसा प्रशासनिक विधि के अधीन नैसर्गिक न्याय (Natural Justice) का प्रमुख सिद्धान्त है ?

(A) नेमो ज्यूडेक्स इन क्वासा सुआ

(B) प्रांग न्याय का सिद्धान्त

(C) स्टेयर डेसेसिस

(D) घटना स्वयं प्रमाण

67. फ्रेंच प्रशासनिक विधि को 'Droit Administratif' के रूप में जाना जाता है । इसका जनक कौन है ?

(A) जीन बोदां

(B) अरस्तू

(C) नेपोलियन बोनापार्ट

(D) डायसी

68. 'विधि का शासन' प्रशासनिक विधि की आधारभूत विशेषता है । डायसी के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा 'विधि के शासन' के अर्थ में मान्य है ?

(A) विधि की सर्वोच्चता

(B) विधि के समक्ष समता

(C) वर्चस्ववादी भावना की प्राथमिकता

(D) कानूनी प्रत्यारोपण

69. Which Article of Indian Constitution requires the state to secure for the citizens, a uniform civil code throughout the territory of India ?

(A) Article 41 (B) Article 42

(C) Article 43 (D) Article 44

69. भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद सम्पूर्ण भारत क्षेत्र में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की चर्चा करता है ?

(A) अनुच्छेद 41 (B) अनुच्छेद 42

(C) अनुच्छेद 43 (D) अनुच्छेद 44

70. Mineral Development Ltd. *vs.* State of Bihar, AIR 1960 SC 368 case is related to which type of bias or discrimination under the rule of natural justice ?

(A) Pecuniary Personal Bias

(B) Pecuniary Bias

(C) Bias as to subject matter

(D) Official Bias

70. मिनरल डेवलपमेंट लि. बनाम बिहार राज्य, ए.आई.आर. 1960 SC 368 का मामला नैसर्गिक न्याय के नियम के तहत किस प्रकार के पूर्वाग्रह से सम्बन्धित है ?

(A) वित्तीय व्यक्तिगत पूर्वाग्रह

(B) वित्तीय पूर्वाग्रह

(C) विषयवस्तु सम्बन्धी पूर्वाग्रह

(D) आधिकारिक पूर्वाग्रह

71. Who said that..........."The Law of Nations or International Law is the name for the body of customary and conventional rules which are considered legally binding by civilised states in their intercourse with each other."

(A) Jeremy Bentham

(B) Oppenheim

(C) Whiteman

(D) Starke

71. किसने कहा कि.....................''राष्ट्रों की विधि या अंतर्राष्ट्रीय विधि प्रथागत और पारंपरिक नियमों के निकाय का नाम है, जिन्हें सभ्य राज्यों द्वारा एक-दूसरे के साथ संव्यहार में विधिक रूप से बाध्यकारी माना जाता है ।''

(A) जेरेमी बेंथम

(B) ओपेनहाइम

(C) व्हाइटमैन

(D) स्टार्क

72. Which theory of International Law deals with the principle that the States could only be obliged to comply with International legal rules if they had just agreed to be so obliged ?

(A) Theory of conduct

(B) Pacta sunt servanda

(C) Auto limitation theory

(D) Theory of Fundamental obligation

73. Stimson's doctrine of non-recognition is completely related to which of the following ?

(A) Duty of non-recognition of some territorial acquisitions brought about in accordance with International Law.

(B) Duty of non-recognition of some territorial acquisitions brought about in breach of International Law.

(C) Duty of non-recognition of all territorial acquisitions brought about in breach of International Law.

(D) Duty of non-recognition of all territorial acquisitions brought about according to International Law.

72. अंतर्राष्ट्रीय विधि का कौनसा सिद्धान्त इस सिद्धान्त से सम्बन्धित है कि राज्य केवल तब ही अंतर्राष्ट्रीय विधि के नियमों का पालन करने के लिए बाध्य हो सकते हैं यदि वे पहले ऐसा करने के लिए सहमत हुए हों ?

(A) आचरण का सिद्धान्त

(B) पैक्टा संट सर्वन्डा

(C) ऑटो लिमिटेशन सिद्धान्त

(D) मौलिक दायित्व का सिद्धान्त

73. स्टिम्सन का गैर-मान्यता का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किससे पूर्णतया सम्बन्धित है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय विधि के अनुसार लाये गये कुछ क्षेत्रीय अधिग्रहणों की गैर-मान्यता का कर्तव्य ।

(B) अंतर्राष्ट्रीय विधि के उल्लंघन में लाये गये कुछ क्षेत्रीय अधिग्रहणों की गैर-मान्यता का कर्तव्य ।

(C) अंतर्राष्ट्रीय विधि के उल्लंघन में लाये गये सभी क्षेत्रीय अधिग्रहणों की गैर-मान्यता का कर्तव्य ।

(D) अंतर्राष्ट्रीय विधि के अनुसार लाये गये सभी क्षेत्रीय अधिग्रहणों की गैर-मान्यता का कर्तव्य ।

74. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Haya de la Torre | (i) | Article 38 of ICJ statute |
| (b) | Haile Selassie | (ii) | Asylum |
| (c) | War to end all wars | (iii) | Recognition |
| (d) | Teaching of qualified publicist | (iv) | League of Nations |

(A) (a)=(ii); (b)=(iii), (c)=(iv), (d)=(i)

(B) (a)=(iii); (b)=(iv); (c)=(ii); (d)=(i)

(C) (a)=(iv); (b)=(iii); (c)=(i); (d)=(ii)

(D) (a)=(iv); (b)=(iii); (c)=(ii); (d)=(i)

75. In which of the following cases it was held that if a person is not a citizen of any state, he will be called 'stateless' ?

(A) Nottebohm case

(B) Whicker *vs.* Hume

(C) Winans *vs.* A.G.

(D) Stoeck *vs.* The Public Trustee

74. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हाया डे ला टोरे | (i) | आई.सी.जे. संविधि का अनुच्छेद 38 |
| (b) | हेल सेलासी | (ii) | शरण |
| (c) | सभी युद्धों को समाप्त करने के लिए युद्ध | (iii) | मान्यता |
| (d) | योग्य प्रचारक का शिक्षण | (iv) | राष्ट्रसंघ |

(A) (a)=(ii); (b)=(iii), (c)=(iv), (d)=(i)

(B) (a)=(iii); (b)=(iv); (c)=(ii); (d)=(i)

(C) (a)=(iv); (b)=(iii); (c)=(i); (d)=(ii)

(D) (a)=(iv); (b)=(iii); (c)=(ii); (d)=(i)

75. निम्नलिखित में से किस मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति किसी राज्य का नागरिक नहीं है, तो उसे राज्य विहीन (स्टेटलेस) कहा जाएगा ?

(A) नोटेबोहम वाद

(B) व्हिकर बनाम ह्यूम

(C) विनन्स बनाम ए.जी.

(D) स्टोइक बनाम पब्लिक ट्रस्टी

76. Which of the following is not the purpose of United Nations Organisation under Article-1 of U.N. charter ?

(A) To maintain International peace and security

(B) To develop friendly relations among nations based on respect for the principle of equal rights

(C) To promote and encourage respect for human rights

(D) Sovereign equality of all its members

77. Article 2(7) of the United Nations Charter provides for :

(A) Pacific settlement of all disputes

(B) Non-interference in domestic affairs of any State

(C) International co-operation among States

(D) None of the above

76. संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुच्छेद-1 के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य नहीं है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना

(B) समान अधिकारों के सिद्धान्त के सम्मान के आधार पर राज्यों के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध विकसित करना

(C) मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना

(D) इसके सभी सदस्यों की समान रूप से सम्प्रभुता

77. संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर का अनुच्छेद 2(7) प्रावधान करता है :

(A) सभी विवादों का शांतिपूर्ण समाधान

(B) किसी राज्य के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप न करना

(C) राज्यों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

mpcareer.in

78. Which of the following statements is *incorrect* ?

(A) The World Trade Organisation came into force in 1995.

(B) WTO is the successor to the General Agreement on Tariffs and Trade.

(C) Settling disputes is the responsibility of the Dispute Settlement body (the General Council in another guise), which consists of all WTO members.

(D) Members of the Appellate Body have three years term

79. Helsinki Declaration, 1964 is concerned with :

(A) War Prevention

(B) Human Experimentation

(C) Gender Discrimination

(D) Child Abuse

78. निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है ?

(A) विश्व व्यापार संगठन 1995 में अस्तित्व में आया ।

(B) विश्व व्यापार संगठन टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते का उत्तराधिकारी है ।

(C) विवादों का निपटान विवाद निपटान निकाय (दूसरे रूप में सामान्य परिषद्) की जिम्मेदारी है जिसमें सभी विश्व व्यापार संगठन के सदस्य शामिल हैं ।

(D) अपीलीय निकाय के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है ।

79. हेलसिंकी घोषणा, 1964 का सम्बन्ध है :

(A) युद्ध की रोकथाम से

(B) मानव प्रयोग से

(C) लिंग भेद से

(D) बाल दुर्व्यवहार से

mpcareer.in

**80.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) | (i) | 1966 |
| (b) | Convention on the Rights of the Child (CRC) | (ii) | 1989 |
| (c) | International Convention on the Elimination of all forms of Racial Discrimination (ICERD) | (iii) | 1965 |
| (d) | Convention on Elimination of all forms of Discrimination Against Women | (iv) | 1979 |

(A) (a)=(i); (b)=(ii); (c)=(iii); (d)=(iv)

(B) (a)=(ii); (b)=(iii); (c)=(iv); (d)=(i)

(C) (a)=(iii); (b)=(i); (c)=(ii); (d)=(iv)

(D) (a)=(iv); (b)=(iii); (c)=(ii); (d)=(i)

**80.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा (ICCPR) | (i) | 1966 |
| (b) | बाल अधिकारों पर अभिसमय (CRC) | (ii) | 1989 |
| (c) | नस्लीय भेदभाव के सभी प्रकारों के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय (ICERD) | (iii) | 1965 |
| (d) | महिलाओं के विरुद्ध होने वाले सभी प्रकार के भेदभावों के उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय | (iv) | 1979 |

(A) (a)=(i); (b)=(ii); (c)=(iii); (d)=(iv)

(B) (a)=(ii); (b)=(iii); (c)=(iv); (d)=(i)

(C) (a)=(iii); (b)=(i); (c)=(ii); (d)=(iv)

(D) (a)=(iv); (b)=(iii); (c)=(ii); (d)=(i)

81. The theories of punishment do *not* include :

(A) Deterrent Theory

(B) Preventive Theory

(C) Retributive Theory

(D) Moral Theory

82. Two persons have agreed to break open an ATM of a Bank but could not do it because of the presence of the Chowkidar. What offence have they committed ?

(A) Mere planning is no offence.

(B) They have not committed any offence.

(C) They have only attempted.

(D) They have committed criminal conspiracy.

83. A female passenger while coming out of a railway coach was touched by a boarding male passenger. The male passenger is guilty of :

(A) No offence

(B) Outraging her modesty

(C) Assaulting her

(D) Insulting her

81. दण्ड के सिद्धान्तों में सम्मिलित नहीं है :

(A) भयोपरत सिद्धान्त

(B) निवारक सिद्धान्त

(C) प्रतिकारी सिद्धान्त

(D) नैतिक सिद्धान्त

82. दो व्यक्ति एक बैंक की ATM को तोड़ने पर सहमत होते हैं, परन्तु चौकीदार की उपस्थिति के कारण ऐसा नहीं कर सके । उन्होंने क्या अपराध किया है ?

(A) केवल योजना बनाना कोई अपराध नहीं है ।

(B) उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है ।

(C) उन्होंने केवल प्रयत्न ही किया है ।

(D) उन्होंने आपराधिक षड्यन्त्र किया है ।

83. एक महिला यात्री का रेलगाड़ी के डिब्बे से उतरते समय गाड़ी में चढ़ने वाले एक पुरुष यात्री से स्पर्श हो गया । पुरुष यात्री का अपराध है :

(A) कोई अपराध नहीं

(B) उसकी लज्जा भंग करने का

(C) उस पर प्रहार करने का

(D) उसकी बेइज़्ज़ती करने का

mpcareer.in

84. An exorcist beaten to death a girl for exorcising her evil spirit. He is guilty of :

(A) Murder

(B) Culpable homicide

(C) Attempt to murder

(D) Causing grievous hurt

85. The provisions of Section 124-A of Indian Penal Code :

(A) are constitutional

(B) are not constitutional

(C) are unlawful

(D) Definition of criminal conspiracy

86. 'A' had given his watch for repairs to a mechanic. One day, he went to his shop and in the absence of the mechanic, he had carried his watch with him. He is guilty of :

(A) No offence

(B) Criminal breach of trust

(C) Theft

(D) Criminal misappropriation

84. एक तांत्रिक (झाड़-फूँक करने वाले) ने एक लड़की को भूत-प्रेत के प्रभाव से मुक्त करवाने हेतु इतना पीटा कि वह मर गई । वह दोषी है :

(A) हत्या का

(B) आपराधिक मानव वध का

(C) हत्या के प्रयत्न का

(D) घोर उपहति कारित करने का

85. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 124-A के प्रावधान :

(A) संवैधानिक हैं

(B) संवैधानिक नहीं हैं

(C) अवैधानिक हैं

(D) आपराधिक षड्यंत्र की परिभाषा

86. 'अ' ने अपनी घड़ी एक मिस्त्री को मरम्मत हेतु दी थी । एक दिन वह मिस्त्री की दुकान पर गया एवं उसकी अनुपस्थिति में एवं उसकी जानकारी के बिना, घड़ी अपने साथ ले गया । वह दोषी है :

(A) किसी अपराध के लिये नहीं

(B) आपराधिक न्यास भंग के लिये

(C) चोरी के लिये

(D) आपराधिक दुर्विनियोग के लिये

87. A Press Reporter has threatened to a lady to publish a news regarding her adulterous relations unless she gives him money. The lady did not pay him money. He is guilty of :

(A) Extortion

(B) Criminal intimidation

(C) Using criminal force

(D) No offence

88. An estranged wife, left her husband's house and lives with her 5 years old son at her father's house. In her absence and without her knowledge, her husband brought the boy back. The husband is guilty of :

(A) Criminal breach of trust

(B) Mischief

(C) Kidnapping of son

(D) Abduction of son

87. एक पत्रकार ने एक महिला को धमकी दी कि, यदि उसने उसे रुपये नहीं दिये तो वह उसके व्यभिचारी सम्बन्धों का समाचार छाप देगा । महिला ने उसे रुपये नहीं दिये । वह दोषी है :

(A) उद्दापन का

(B) आपराधिक अभित्रास का

(C) आपराधिक बल प्रयोग का

(D) किसी अपराध का नहीं

88. एक नाराज पत्नी अपने 5 वर्षीय बच्चे के साथ पति का घर छोड़कर अपने पिता के घर रहती है । उसकी अनुपस्थिति में एवं उसके ज्ञान के बिना, उसका पति बच्चे को वापस ले आया । पति का दोष है :

(A) आपराधिक न्यास भंग

(B) रिष्टि

(C) बच्चे का व्यपहरण

(D) बच्चे का अपहरण

mpcareer.in

89. A trader sells savin in the name of saffron. He is guilty of :

(A) Adulteration of drugs

(B) Sale of adulterated drugs

(C) Sale of drugs as different drugs or preparation

(D) Cheating

90. When a unlawful assembly becomes violent in prosecution of its object, it turns into :

(A) rioting (B) affray

(C) mutiny (D) mischief

91. The definition of Tort, "Tort means a civil wrong which is *not* exclusively the breach of a contract or the breach of a trust" is given by :

(A) Fraser

(B) Winfield

(C) Section 2(m) of the Limitation Act, 1963

(D) None of the above

89. एक व्यापारी केसर के नाम से हपुषा (savin) बेचता है । वह दोषी है :

(A) औषधियों के अपमिश्रण का

(B) अपमिश्रित औषधियों के विक्रय का

(C) औषधियों का भिन्न या निर्मित के तौर पर विक्रय

(D) छल का

90. अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये जब विधि-विरुद्ध जमाव हिंसक हो जाता है, तब वह बन जाता है :

(A) बलवा (B) दंगा

(C) विद्रोह (D) रिष्टि

91. अपकृत्य की परिभाषा, "अपकृत्य से ऐसा सिविल दोष अभिप्रेत है जो केवल संविदा भंग या न्यास भंग न हो" दी गई है :

(A) फ्रेजर द्वारा

(B) विनफील्ड द्वारा

(C) परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 2(m)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. The theory of Winfield, "It is a law of tort", was recognised by Holt C.J. in case of :

(A) Ashby *vs.* White, 1703

(B) Chapman *vs.* Pickergill, 1762

(C) Pasley *vs.* Freeman, 1789

(D) None of the above

93. A was a spectator at a Motor Car race being held on a track owned by the B's company. During the race there was a collision between two cars, one of which was thrown among the spectators, thereby injuring the A. The B can take the defence of :

(A) Act of God

(B) Necessity

(C) Inevitable Act

(D) Volenti Non Fit Injuria

94. The rule of Strict Liability was first laid down in case :

(A) Ashby *vs.* White 1703

(B) Fletcher *vs.* Rylands, 1866

(C) Batcheller *vs.* Tunbrige Wells Gas Co.

(D) Hoare *vs.* McAlpine

92. विनफील्ड का सिद्धान्त, "यह अपकृत्य की विधि है", को होल्ट सी.जे. के द्वारा मान्यता दी गई निम्नलिखित के वाद में :

(A) ऐश्बी बनाम व्हाईट, 1703

(B) चैपमैन बनाम पिकर्गिल, 1762

(C) पासले बनाम फ्रीमैन, 1789

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. 'अ', 'ब' के स्वामित्व वाली कम्पनी के रेस ट्रेक पर होने वाली मोटर दौड़ का दर्शक था। दौड़ के दौरान दो मोटर कार में टक्कर हो गई जिसमें से एक मोटर कार उछलकर दर्शकों के बीच आकर गिरी जिससे 'अ' घायल हो गया। 'ब' अपने बचाव में प्रतिवाद ले सकता है :

(A) ईश्वरीय कृत्य का

(B) आवश्यकता का

(C) अवश्यंभावी कृत्य का

(D) स्वेच्छा से क्षति की सहमति का

94. कठोर दायित्व का सिद्धान्त सर्वप्रथम किस मामले में निर्धारित किया गया ?

(A) ऐश्बी बनाम व्हाईट 1703

(B) फ्लेचर बनाम रेलैण्ड्स 1866

(C) बैचेलर बनाम टनब्रिज वैल्स गैस कम्पनी

(D) हॉयर बनाम मैक्एलपाइन

mpcareer.in

95. In which of the following cases the Supreme Court of India laid down that, "the immunity of sovereign function, for tort committing by the employee of the state, is not available in matter of violation of fundamental rights."

(A) People's Union for Democratic Rights *vs.* State of Bihar, 1987

(B) Rudal Shah *vs.* State of Bihar, 1983

(C) Sebastian M. Hangray *vs.* U.O.I. 1984

(D) All of the above

96. The provision related with Motor Vehicle Accident Fund is given under..........of the Motor Vehicles Act, 1988.

(A) Section 164

(B) Section 164 A

(C) Section 164 B

(D) Section 164 D

95. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि, "मूल अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में, राज्य के कर्मचारियों के द्वारा किये गये अपकृत्य के लिये "संप्रभू कार्य" की उन्मुक्ति प्राप्त नहीं होगी ।"

(A) पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम बिहार राज्य, 1987

(B) रूदल शाह बनाम बिहार राज्य, 1983

(C) सेबेस्टियन एम. हंगरे बनाम भारत संघ, 1984

(D) उपर्युक्त सभी में

96. मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अन्तर्गत मोटर वाहन दुर्घटना कोष से सम्बन्धित प्रावधान दिये गये हैं.............................. ।

(A) धारा 164 में

(B) धारा 164 A में

(C) धारा 164 B में

(D) धारा 164 D में

97. The scheme for Golden hour under the Motor Vehicles Act, 1988 is related with :

(A) Insurance Company's responsibility to pay compensation including expenses to treatment of victim during golden hour

(B) Treatment of road accident victim, including the Golden hour

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

97. मोटर यान अधिनियम, 1988 के अन्तर्गत स्वर्णिम काल के लिए योजना सम्बन्धित है :

(A) स्वर्णिम काल पीड़ित व्यक्ति के उपचार के व्यय सहित मुआवजे का भुगतान करने की बीमा कम्पनी का दायित्व

(B) सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार के लिए जिसमें स्वर्णिम अवधि भी शामिल है

(C) दोनों (A) एवं (B)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. Which one of the following is *correct* regarding the Anti-competitive agreement ?

(A) Any agreement entered into in contravention of the provisions contained in Section 3(1) shall be void.

(B) Any agreement entered into in contravention of the provision contained in Section 3(1) shall be voidable

(C) Any agreement entered into in contravention of the provisions contained in Section 3(1) shall be valid until it declared void by the Court.

(D) All of the above are incorrect

98. निम्नलिखित में से कौन प्रतिस्पर्धा रोधी करार के सम्बन्ध में **सही** है ?

(A) धारा 3 की उपधारा (1) में अंतर्विष्ट उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया कोई भी करार शून्य होगा

(B) धारा 3(1) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया कोई भी करार शून्यकरणीय होगा

(C) धारा 3(1) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के उल्लंघन में किया गया कोई भी करार तब तक विधिमान्य होगा जब तक उसे न्यायालय के द्वारा शून्य न घोषित कर दिया गया हो

(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं

99. Which is *not* included in the definition of 'Person' under Section 2(*l*) of the Competition Act, 2002 ?

(A) An association of persons incorporated outside India

(B) Any corporation whether established by or under any Act *or* not

(C) Any body corporate incorporated by *or* under the Law of country outside India

(D) A local authority

99. प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 2(*l*) के अन्तर्गत 'व्यक्ति' की परिभाषा के अन्तर्गत निम्नलिखित कौन सम्मिलित नहीं है ?

(A) व्यक्तियों का एक समूह जो भारत के बाहर निगमित हो

(B) कोई निगम चाहे वह किसी भी अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित है **अथवा** नहीं

